जयंती | जगह-जगह आयोजनों की रही धूम, शोभायात्रा में एकजुट हुए सामाजिकबंधु, एकता का दिया संदेश

# धूमधाम से मनाया भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन दिवस





**नवभारत, जबलपुर।** भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन दिवस गुरूवार को शहर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विश्वकर्मा समाज के विभिन्न संगठनों के बैनर तले मानस भवन में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ-साथ आयोजन में समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित भी किया गया। जिसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शहर के विभिन्न संस्थानों में भी पूजन अर्चन कर भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मानस भवन में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें समाज के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इसके बाद मानस भवन से भव्य शोभायात्रा तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, करमचंद चौक, तुलाराम चौक, बड़ा फुहारा होते हुए मालवीय चौक से गोलबाजार होते हुए पुनः मानस भवन पहुंची। शोभायात्रा में जीवंत भगवान श्री विश्वकर्मा, राधा कृष्ण की झांकियां शोभायमान रहीं। इस मौके पर महिलाओं ने एक से परिधान पहनकर एकता का संदेश दिया और बच्चियों ने डांडिया नृत्य करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शोभायात्रा के उपरांत मानस भवन में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

### मंत्री व सांसद ने की मंदिर व भवन के लिए राशि देने की घोषणा

मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह और सांसद आशीष दुबे ने मंदिर व भवन निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की गई। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक लखन घनघोरिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, संदीप रजक, प्रशांत केशरवानी, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, ठाडेश्वर महावर आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### इनका कहना है



संगठन के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश आज के कार्यक्रम में साफ नजर आया। रैली में महिला मंडल के सभी सदस्यों ने उत्साह से हिस्सा लिया। करीब 150 महिलाओं का मंडल है और सभी में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह रहा।

**भावना विश्वकर्मा, विश्वकर्मा महासंगठन महिला मंडल**



आज के कार्यक्रम को लेकर पहले से ही उत्साह था। रैली में महिला मंडल की सभी सदस्य साथ शामिल हुईं। संगठन के साथ मिलकर समाज को आगे ले जाने के लिए इसी तरह एकजुट होकर काम करते रहना है।

**रंजना विश्वकर्मा, विश्वकर्मा महासंगठन महिला मंडल**



भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन दिवस पर रैली में शामिल होकर काफी खुशी हुई। सभी महिलाएं एक साथ रैली में शामिल हुईं और पूरे रास्ते उत्साह का माहौल रहा। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों के बीच आपसी जुड़ाव भी बढ़ता है।

**निशा विश्वकर्मा, विश्वकर्मा महासंगठन महिला मंडल**



मैं पिछले पांच साल से संगठन से जुड़ी हूं और हर साल विश्वकर्मा पूजन दिवस के कार्यक्रम में शामिल होती हूं। इस बार भी रैली और पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की भागीदारी हर साल बढ़ती दिख रही है और इससे काफी उत्साह मिलता है।

**अभिलाषा विश्वकर्मा, विश्वकर्मा महासंगठन महिला मंडल**

# संतान की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

**व्रत कथा सुनकर किया पूजन, सात पुए चढ़ाकर निभाई धार्मिक परंपरा**



**नवभारत, जबलपुर।** संतान के सुख, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना से मनाया जाने वाला संतान सप्तमी व्रत गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 17 सितंबर को सुबह 10.28 बजे शुरू हुई, जो 18 सितंबर को दोपहर 12.16 बजे तक रहेगी। पंचांग के अनुसार 17 सितंबर को पूजन का शुभ समय सुबह 10.11 बजे से दोपहर 3.46 बजे तक रहा। इसी दौरान महिलाओं ने व्रत रखकर घरों में भगवान शिव-पार्वती का पूजन किया और संतान के मंगल की कामना की। गहमापुर स्थित शीतलामाई मंदिर समेत शहर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।


### व्रत-पूजन के साथ सात पुए का लगाया भोग

सुबह स्नान के बाद महिलाओं ने पूजा स्थल की साफ-सफाई कर भगवान शिव और माता पार्वती का विधि-विधान से पूजन किया। रोली, अक्षत, पुष्प, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित कर संतान सप्तमी की कथा सुनी गई और आरती की गई। संतान के सुख, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना से व्रत रखकर सात पुए का भोग लगाया गया। धार्मिक विधान के अनुसार सात पुए और सामर्थ्य अनुसार सोने या चांदी की अंगूठी को तांबे के पात्र में रखकर पूजन करने के बाद ब्राह्मण को दान किया जाता है। इसके बाद सात पुए प्रसाद के रूप में ग्रहण करने की परंपरा है।

### देवकी की कथा से जुड़ा व्रत संतान के कल्याण की मान्यता

संतान सप्तमी की कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा युधिष्ठिर को व्रत का महत्व बताए जाने का उल्लेख मिलता है। कथा के अनुसार लोमष ऋषि ने माता देवकी को व्रत का विधान बताया था,

### इनका कहना है



मैं पिछले 11 साल से संतान सप्तमी का व्रत रखती आ रही हूं। हर साल सुबह स्नान के बाद विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन करती हूं। सात पुए का भोग लगाकर व्रत कथा सुनती हूं और आरती करती हूं। इस व्रत से मेरी विशेष आस्था जुड़ी है और संतान के अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि व दीर्घायु की कामना से हर साल श्रद्धा के साथ इसे करती हूं।

**नीतू सिंह, गृहिणी**



मैं हर साल संतान सप्तमी का व्रत रखती हूं। इस दिन सुबह से व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करते है। सात पुए बनाकर भोग लगाती हूं और व्रत कथा सुनने के बाद आरती करती हूं।

**माया देवी, गृहिणी**

### एक नजर में

## राहुल तिवारी बने सह कार्यालय प्रभारी



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने महानगर में रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसके तहत राहुल तिवारी को *सह कार्यालय प्रभारी* नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा पर की गई है। राहुल तिवारी की नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी एवं अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी अहलुवालिया सहित जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं हैं।

## बहोराबाग में अखिल भारतीय मुशायरा 11 अक्टूबर को

**नवभारत, जबलपुर।** बहोरा बाग विकास समिति द्वारा अखिल भारतीय मुशायरा का आयोजन 11 अक्टूबर को बहोरा बाग, में किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने बताया कि मुशायरे में भारत के मशहूर शायर शिरकत करेंगे। समिति के शेख निजामी, मुख्तार नादिर, सगीर बमबया, सगीर अंसारी, वकील मंसूरी, लाला मिस्त्री आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की अपील की है।

# महाकौशल कॉलेज में किया गया रक्तदान



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय पचपेढ़ी में आज सुबह 11 बजे से सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ महाकौशल प्रांत एवं विशुद्ध हेल्थ केयर जनसेवा समिति द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं विक्टोरिया टीम के सहयोग से रक्तदान एवं डाइबिटीज डिटेक्शन के 42वें शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई तथा 10 यूनिट्स का रक्तदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि स्वामी नारायण संस्थान के गुरु श्री गुरु नयन जी महाराज, मंत्री राकेश सिंह, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, रिंकू विज, संदीप रजक, प्राचार्य अलकेश चतुर्वेदी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुई। इस मौके पर शिविर संयोजक मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित सेठ ने रक्तदान की आवश्यकता और शुगर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया जिससे किडनी, रेटिना और मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव न पड़े।

# भारतीय दर्शन जीवन-मूल्यों और राष्ट्र निर्माण का आधार : स्वामी ज्ञाननयन

**भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत 'युवा संवाद' का आयोजन**



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में 'भारतीय दर्शन' विषय पर 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के व्यापक एवं समृद्ध स्वरूप से परिचित कराते हुए भारतीय संस्कृति, जीवन-मूल्यों, दर्शन एवं ज्ञान-विरासत के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक रोहाणी, विधायक, कैंट विधानसभा, जबलपुर, मुख्य वक्ता के रूप में पूज्य ज्ञाननयन स्वामी, बी.ए.पी.एस. स्वामीनारायण मंदिर, जबलपुर तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में रिंकू विज, अध्यक्ष, नगर निगम, प्रो. अरुण शुक्ल एवं आशीष राव, अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की।

इस दौरान मुख्य वक्ता पूज्य ज्ञाननयन स्वामी ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि भारतीय दर्शन केवल सैद्धांतिक चिंतन नहीं, बल्कि जीवन को समग्रता से देखने की दृष्टि है। भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित संस्कार, नैतिक मूल्य, कर्तव्यबोध और जीवन-दृष्टि व्यक्ति के चरित्र निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक का आधार प्रदान करते हैं।

### लोक निर्माण मंत्री ने रोपे पौधे

इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सहभागिता कर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# 10 हजार गांवों में 5 लाख किसानों को सदस्य बनाएगा किसान संघ

**भारतीय किसान संघ की महाकौशल प्रांत की बैठक में दिया लक्ष्य**



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक मदनमहल स्थित बनवासी कल्याण परिषद के कार्यालय में किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत भगवान बलराम जयंती के अवसर पर पूजन के साथ हुई।

प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने अपने संबोधन में कहा कि संगठित किसान शक्ति ही स्वयं अपने उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। इसलिए किसानों को अपने हक अधिकार के लिए किसान की ताकत को मजबूती के साथ विस्तार करना पड़ेगा और समय आने पर उस ताकत का प्रदर्शन करने के लिए हर समय तैयार रहना होगा।

बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि बैठक में आगामी सदस्यता अभियान की तैयारी के साथ साथ, जिला अभ्यास वर्ग, बलराम जयंती कार्यक्रम, आंदोलन, प्रवास, ग्राम समिति गठन आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह ने बैठक में हुए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए बताया आगामी सदस्यता वर्ष में भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत ने 10 हजार गांवों में पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया है। श्री सिंह ने बताया कि इसके लिए बकायदा दस गांवों का मंडल बनाकर मंडल रचना तैयार की जा रही है। एक हजार पदाधिकारी मंडल प्रभारी के तौर पर गांवों में जाकर सदस्यता अभियान को गति देकर पांच लाख किसानों को भारतीय किसान संघ का सदस्य बनाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

भारतीय किसान संघ की प्रांत बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रधानमंत्री एमएसपी कमेटी के सदस्य प्रमोद कुमार चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम, प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, प्रांत कोषाध्यक्ष विजय गोंटिया, प्रांत कार्यालय मंत्री आलोक पटेल, संभागीय संगठन मंत्री पूरन लाल शर्मा, संभागीय पदाधिकारीयों में अनुरुद्ध पटेल, सरदार सिंह पटेल, बी एल निगम, हेमंत पटेल, रईस सिंह ठाकुर, जय प्रकाश सिंह, छोटे लाल द्विवेदी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# चांदी के सिक्कों से किया रजत गणेश मंदिर में सहस्त्रार्चन पूजन



**नवभारत, जबलपुर।** ललपुर रोड, गौरीघाट स्थित श्री रजत गणेश मंदिर में गुरूवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, रामलला मंदिर के महंत पूज्यपाद स्वामी इंद्रभानु महाराज के सानिध्य में

जिसमें विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ भगवान गणेश जी का सहस्त्रार्चन पूजन चांदी के सिक्कों से संपन्न हुआ। यह अनुष्ठान मंगल सेवा संस्था की डॉ ममता साहू, योति राय, डॉ किरण, सुनीता वरनवाल, किरण कांड, कुमारी रजनी और अंजू कर सहित 101 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर पूर्ण किया। जिसमें श्री राम किशोर का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा।

सहस्त्रार्चन के बाद मंदिर के महंत प्रमोद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा, 'भगवान श्री गणेश सांकेतिक रूप से हमें है बताते हैं कि मूषक हमारे मन सदृश है। मन बहुत चंचल होता है। हमें मन के ऊपर सवारी करना है ना की मन हमारी सवारी करें। हमें यह प्रेरणा मिलती है कि मन के ऊपर हमारा नियंत्रण होना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रवि राय ने किया। अनुष्ठान के बाद प्रसाद स्वरूप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# सेमीकॉन इंडिया के समारोह में जेईसी जबलपुर ने की सहभागिता



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर ने गुरूवार को सेमीकॉन इंडिया 2026 के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा सहभागिता की। 'सिलिकॉन से सिस्टम तक: इकोसिस्टम का निर्माण' थीम पर 17 से 19 सितंबर तक यशोभूमि नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम की टीम मध्य प्रदेश पवेलियन, बूथ नंबर एच 3005, हॉल नंबर 2 पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है।

जे.ई.सी. जबलपुर से इस वर्चुअल सहभागिता का सफल आयोजन चिप्स टू स्टार्टअप प्रोग्राम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार विभाग की मुख्य अन्वेषक डॉ. भावना झारिया और सह-मुख्य अन्वेषक डॉ. कंचन सेसिल द्वारा किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार विभाग के संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन समारोह में भाग लिया और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के लिए राष्ट्रीय दृष्टिकोण, नीतिगत पहलों तथा शिक्षा और उद्योग सहयोग के अवसरों को जाना। वहीं मुख्य अन्वेषक डॉ. भावना झारिया ने प्रतिभागियों को सीटूएस संस्थानों के लिए सेमीकॉन इंडिया की प्रासंगिकता के बारे में जानकारी दी।

# साधना नीखरा को मिला मानवता कल्याण अलंकरण सम्मान



**नवभारत, जबलपुर।** गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ म.प्र. जबलपुर का 15 वां छात्रवृत्ति वितरण आयोजन गहोई वैश्य पंचायती भवन, तमरहाई चौक में संपन्न हुआ जिसमें गहोई वरिष्ठतम शिक्षक अलंकरण एवं मानवता कल्याण अलंकरण समारोह शामिल रहा।

कार्यक्रम में डॉ. अभिलाष पाण्डेय, विधायक मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता गुप्ता नौगरहिया. अध्यक्ष, महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला सभा, संस्था अध्यक्ष इंजी. कमल कांत गुप्ता बहरे मौजूद रहे। मंच संचालन अनंतराम बड़ेरिया ने किया। सम्मान की कड़ी में विशिष्ट समाजसेवी संस्था की संरक्षक सदस्य देहदानी साधना नीखरा को 'मानवता कल्याण अलंकरण सम्मान' प्रभारी डॉ. अरूण सरावगी द्वारा वाचन कर उनके परिजनों को सौंपा गया।

### सिलाई मशीन भी दी गई

वहीं स्वरोजगार आर्थिक योजनान्तर्गत महिलाओं के स्वावलंबन के लिए एक पैरदान सिलाई मशीन निधि बड़ेरिया, जबलपुर को प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान सभागार में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीता सरावगी, शोभना बिलैया आदि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन अनंतराम बड़ेरिया एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष द्वारा किया गया। अंत में स्वल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

उद्यमिता | बराबरी को लेकर जागरूकता भी बढ़ी

# शिक्षा से लेकर निजी क्षेत्र तक महिलाओं की बढ़ती मौजूदगी




**नवभारत, जबलपुर।** नौकरी के लिए घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ने के साथ कार्यस्थल पर बराबरी को लेकर सोच भी बदल रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, मीडिया से लेकर निजी संस्थानों तक महिलाएं अलग-अलग जिम्मेदारियां संभाल रही हैं। 18 सितंबर को इंटरनेशनल इक्वल पे डे के मौके पर कामकाजी महिलाओं का कहना है कि अब केवल नौकरी मिलना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि काम के मुताबिक वेतन, जिम्मेदारी और आगे बढ़ने के समान अवसर भी जरूरी हैं।

### मेहनत के साथ बढ़ी जिम्मेदारियां

अब महिलाओं को नौकरी में पहले से ज्यादा जिम्मेदारियां मिल रही हैं। कई महिलाएं टीम संभालने के साथ जरूरी फैसलों में भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही वे अपने वेतन और आगे बढ़ने के मौकों को लेकर भी खुलकर बात करने लगी हैं। खासकर युवा महिलाएं नौकरी शुरू करने से पहले काम की जिम्मेदारी और उसके मुताबिक मिलने वाले वेतन को लेकर स्पष्टता चाहती हैं। उनका मानना है कि वेतन तय करते समय महिला या पुरुष के बजाय काम, योग्यता और अनुभव को देखा जाना चाहिए।

### नौकरी से बढ़ती है आर्थिक आत्मनिर्भरता

नौकरी अब सिर्फ कमाई तक सीमित नहीं है। अपनी कमाई से महिलाएं घर के खर्च में हाथ बंटाने के साथ अपनी जरूरतों को भी खुद पूरा कर रही हैं। कई महिलाओं का कहना है कि नौकरी करने से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ अपने फैसले खुद लेने का भरोसा भी मिला है। घर और काम दोनों की जिम्मेदारियां संभालते हुए वे अपने करियर को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं। उनका मानना है कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने से परिवार में उनकी भागीदारी बढ़ती है और भविष्य को लेकर फैसले लेने में भी आत्मविश्वास आता है। यही वजह है कि आज कई महिलाएं अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार काम को करियर के रूप में आगे बढ़ाना चाहती हैं।

### इनका कहना है



आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी महिला शिक्षकों की भूमिका लगातार बढ़ी है। मेरे हिसाब से बराबरी का मतलब सिर्फ समान वेतन नहीं, बल्कि काम और योग्यता के आधार पर समान सम्मान और आगे बढ़ने के अवसर मिलना भी है। जब महिलाओं को अपनी मेहनत के अनुसार अवसर मिलते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित होती हैं।

**अनीता सोनी, शिक्षिका**



मैंने मेकअप का काम सीखा और फिर अपना पार्लर शुरू किया। शुरुआत में लगा था कि काम और कमाई दोनों के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन धीरे-धीरे ग्राहक बढ़े और अपने काम पर भरोसा भी बढ़ा। आज खुद कमाने से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का एहसास होता है। महिलाओं को अपनी रुचि और हुनर के हिसाब से काम करने का मौका मिले, तो वे अपना काम खड़ा कर सकती हैं।

**पूर्वी दुबे, मेकअप आर्टिस्ट**

# मदन महल दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ के पहले मेले का आयोजन

**अकीदतमंदों ने चादर शरीफ पेश कर मांगी अमन-खुशहाली की दुआ**



**नवभारत, जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह में जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के पहले मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादरें शरीफ पेश कर अपनी अकीदत का इज़हार किया। अपराह्न में आयोजित जल्सा-ए-गौसिया की सदारत हजरत अल्लामा अल्हाज सैय्यद इकबाल अहमद शम्स रब्बानी एवं मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी ने की। इस मौके पर सूफी मुबारक कादरी ने कहा कि मदन महल दरगाह शरीफ सदियों से अकीदत, मोहब्बत और आपसी भाईचारे का मरकज रही है। यहां हर मजहब के लोग अपनी अकीदत के साथ हाजिरी देते हैं।

जल्से में सज्जादानशीन बासित कादरी ने मनकबत-ए-पाक पेश की। आफताब कादरी, नजर अली कादरी, खलीफा इनायत कादरी, अब्बू बाबा कादरी, असगर कादरी, आबिद कादरी, इदरीस कादरी, अंसार कादरी, याकूब शाह, सलामत कादरी, शराफत कादरी, जवाहर कादरी, अफजल कादरी, आशु कादरी नेताजी, जलील शाह, ने मेहमान हजरात का इस्तकबाल किया और तबर्रुक पेश किया। इस मौके पर शकील रब्बानी, अजय अवस्थी, रिजवान अली कोटी, अहसान अंसारी, आजाद खान (मीडिया) संजय रजक, आनंद रजक, दिलीप भाटिया, आशीष जेकब, फिरोज भाई, सहित काफी तादाद में अकीदत मंद मौजूद रहे। सज्जादानशीन निजाम कादरी ने बताया कि मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश के ऐलान के मुताबिक आगामी 24 सितंबर, जुमेरात, मुताबिक 11 रबीउल आखिर को मदन महल दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ के प्रमुख मेले (उर्स) का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय के साथ ही दूर-दराज से आने वाले अकीदतमंद दरगाह शरीफ पर हाजिरी पेश करेंगे।